"शेखावटी ब्लाक का जीर्णोद्धार समारोह"
(दिनाँक 29 जनवरी, 2020)

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ द्वारा 29 जनवरी, 2020 को नवनिर्मित शेखावाटी ब्लॉक (आरएचई मेस) का उद्घाटन किया गया। शेखावाटी ब्लॉक, जो कि राजपुताना होटल एस्टेट (आरएचई) का एक हिस्सा है और 1920 में मेरवानजी परिवार द्वारा बनाया गया था। स्वतंत्रता के बाद सेंट्रल पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज (वर्तमान में एनपीए) माउंट आबू (राजस्थान) में स्थापित किया गया था और राजपूताना होटल एस्टेट (आरएचई) को भारतीय पुलिस सेवा परिवीक्षाधीन अधिकारियों के रहने के लिए किराए के तौर पर इस्तेमाल किया गया था। फरवरी 1975 में अकादमी को माउंट आबू से हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया तथा केरिपुबल के राजपत्रित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इसकी जगह पर आंतरिक सुरक्षा अकादमी की स्थापना की गई।इसके बाद सीआरपीएफ द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक छात्रावास के रूप में उपयोग हेतु संपत्ति को लीज पर लिया गया और वर्ष 2013 में संपत्ति को सीआरपीएफ ने जे मेरवानजी से 18.49 करोड़ रुपये में खरीदा था। नवीकरण के रूप में, 2019-20 में शेखावाटी ब्लॉक के लिए माइनर हेड के तहत 39.89 लाख रुपये आवंटित किए गए थे और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनर्निर्मित किया गया। सुंदर पुनर्निर्मित शेखावाटी ब्लॉक में 6 कमरे हैं। उद्घाटन समारोह आंसुअ एवं केलोनिवि के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक आसुअ, माउंट आबू पुनर्निर्मित शेखावाटी ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए ।

भरपूर सुंदरता से पुनर्निर्मित "शेखावाटी ब्लॉक"

श्री के.एस. भण्डारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, आंतरिक सुरक्षा अकादमी व केलोनिवि के अधिकारियों के साथ शेखावटी ब्लॉक के पुनर्निर्मित कमरों का निरीक्षण करते हुए

शेखावाटी ब्लॉक के पुनर्निर्मित कमरों तथा बाथरूम के अंदर का दृश्य